# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1241 दिनांक 17/05/2013

**// MOST IMPORTANT //**

**INSTRUCTION FOR ONLINE EXAMINATION WORK**
**(Examination In-charge & Computer Users – All Affiliated Colleges)**

प्रति,

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाएँ,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषय– छात्र हित में ऑनलाइन कॉलेज लॉगिन में दर्शाये गये ऑप्सन New Exam Form तथा Update Subject & Category का उपयोग करने हेतु विशेष दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि परीक्षा संबंधी ऑनलाइन प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। अपितु प्रायः देखने में आ रहा है कि महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों की ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिये विश्वविद्यालय कार्यालय में संपर्क करने के लिये कह दिया जाता है, जबकि छात्रों की यह समस्याएँ महाविद्यालय स्तर पर ही समाप्त की जा सकती हैं। यदि किसी भी महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी/ कम्प्यूटर यूजर्स को किसी भी प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी समस्या आ रही है तो इसके वह विश्वविद्यालय कार्यालय के ‘‘ऑनलाइन परीक्षा कक्षा’’ में आकर संपर्क कर सकते हैं।

ऑनलाइन परीक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिये प्राचार्यगण/परीक्षा प्रभारी/कम्प्यूटर यूजर्स के लिये विशेष दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अनिवार्य रूप से अपनायें, जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जा सकेः–

(1) विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com में **New Exam Form** ऑप्सन प्रारम्भ किया गया था। इस ऑप्सन के माध्यम से यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन प्राप्त नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में इस ऑप्सन का उपयोग कर छात्र का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं तथा **Print Exam Form** ऑप्सन से परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान फार्म प्रिन्ट कर छात्र को वितरित कर सकते हैं।

**विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर, जून–2013 की विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरवाये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि ऑल्ड कोर्स स्कीम (OLD COURSE SCHEME) की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन नहीं भेजे गये हैं, ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र New Exam Form ऑप्सन से भरकर छात्रों को परीक्षा फार्म एवं चालान वितरित करें।**

(2) प्रायः देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा जब भी **ए.टी.के.टी. (A.T.K.T.)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि घोषित की जाती है, उसी समय से छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस **(Fees)** संबंधी समस्या बढ़ जाती है। इसी समस्या समाधान के समाधान के लिये विश्वविद्यालय द्वारा एक नवीन ऑप्सन **Update Subject & Category** को प्रारम्भ किया गया था, जिसमें परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सकेः–

(i) सर्वप्रथम, **ए.टी.के.टी. (ATKT)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करने से पूर्व कम्प्यूटर यूजर्स **Update Subject & Category** ऑप्सन में जाकर समस्त छात्रों का **STATUS – – B.P.** कर दें।

(ii) उसके उपरांत कम्प्यूटर में अगला ऑप्सन **(Have you applied for Enrollment No. --- Already enrolled/Applied/Yes/No)** प्रदर्शित होगा, जिसमें **Already enrolled** अथवा **'Yes'** करते ही छात्र का नामांकन नंबर भरना अनिवार्य होगा। अगर आपने **'No'** किया तो कम्प्यूटर नामांकन फीस जोड़ देगा, जिसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/अग्रेषणकर्त्ता अथवा संबंधित छात्र की होगी। **यदि छात्र ने नामांकन के लिये आवेदन किया है तो ऐसी स्थिति 'Applied' लिखें, ऐसा करने पर छात्र की नामांकन फीस नहीं लगेगी।**

(iii) महाविद्यालय के कम्प्यूटर यूजर्स छात्र के परीक्षा आवेदन–पत्र में दर्शाये गये विषय **(SUBJECT)** चैक कर लें, कि कहीं छात्र के पेपरों के नाम गलत तो नहीं आ रहे हैं और यदि गलत आ रहे हैं तो पेपरों के नाम छात्र की अंकसूची देखकर सही अपडेट कर दें। उसके उपरांत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र **Print Exam Form** ऑप्सन से प्रिन्ट निकालें और छात्रों को वितरित करें। ऐसा करने से फीस **(Fees)** संबंधी समस्या का समाधान हो जायेगा।

(3) विश्वविद्यालय द्वारा जब परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की अधिसूचना जारी की जाती है, उसमें परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के उपरांत विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की भी तिथि घोषित की जाती है, लेकिन कतिपय महाविद्यालयों द्वारा समय पर परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में नहीं भेजे जाते हैं, इस कारण विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के परीक्षा परिणाम **(FNR)** कर रोक दिये जाते हैं, इसलिये महाविद्यालय के प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र अनिवार्य रूप से समय पर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करायें।

(4) छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट नहीं करने अथवा विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा नहीं करने की स्थिति में ऐसे छात्रों के नाम सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट की ऑनलाइन लिस्ट में नहीं जुड़ पाते हैं और ऐसे छात्रों के सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपडेट करने से रह जाते हैं। सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंकों के अभाव में छात्रों का परीक्षा परिणाम रुक जाता है और छात्र को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

(5) अगर कोई छात्र अंतिम तिथि उपरांत परीक्षा आवेदन–पत्र भरना चाहे तो महाविद्यालय अपने लॉगिन से छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट निकाल कर दे सकते हैं, क्योंकि ऐसे परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ चालान फार्म में विश्वविद्यालय द्वारा लेट फीस जोड़ दी जाती है। यहां विशेष ध्यान रखें कि ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र अनिवार्य रूप से सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के ऑनलाइन अंक भेजने से पूर्व अपडेट कर दें।

(6) कम्प्यूटर यूजर्स वेबसाइट पर सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाइन अपडेट करने से पूर्व सर्वप्रथम **GENERATE PRACTICAL/SESSION** ऑप्सन के माध्यम **Class Generate** कर लें। उसके उपरांत ही सेशनल/प्रैक्टीकल/प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाइन अपडेट करें। इस ऑप्सन को अपनाने से कोई भी छात्र अंक भरने से नहीं रहेगा।

(7) कम्प्यूटर यूजर्स चाहें तो **CLASSWISE PR/SESS MARKS STATUS** ऑप्सन में जाकर छात्रों के समस्त विषयों के अंक देख सकते हैं और **Not Filled** लिखे होने की स्थिति में अंकों को **Subjectwise** सूची से अपडेट किया जा सकता है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष से विशेष अनुरोध है कि वह विश्वविद्यालय की ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्र हित में अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे छात्रों की समस्याओं का समाधान महाविद्यालय स्तर पर किया जा सके।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाएँ, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**